# काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में गोल्डन टाइगर

स्रोत: द हिंदू

हाल ही में काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (KNP) में एक **दुर्लभ सुनहरे रंग के बाघ** को देखा गया।

## गोल्डन टाइगर के बारे में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **गोल्डन टाइगर** (जिसे गोल्डन टैबी टाइगर के रूप में भी जाना जाता है) सफेद और काले बाघों की तरह एक अलग उप-प्रजाति नहीं, **बल्कि सिर्फ दुर्लभ रंग-रूप की प्रजाति है।**
    - वे वन और कैद (captive ) में भी साधारण रूप से दुर्लभ हैं।
- KNP में देखे गए **गोल्डन टाइगर** बंगाल टाइगर **का दुर्लभ रंग-रूप** है जो **"वाइडबैंड"** नामक अप्रभावी **जीन के कारण** होता है।
- वाइडबैंड जीन बालों के विकास के चक्र के दौरान मेलेनिन उत्पादन को कम कर देता है। इस प्रकार,**एगौटी उत्परिवर्तन (एक प्रोटीन का उत्पादन जो आमतौर पर त्वचा में व्यक्त होता है) सुनहरे या सुनहरे रंग की त्वचा** के लिये जिम्मेदार है, जबकि नारंगी धारियां **'टैबी' उत्परिवर्तन** के कारण दिखाई देती हैं।
    - टैबी जीन घरेलू बिल्लियों में अधिकांश टैबी पैटर्न (कोट पैटर्न) के लिये जिम्मेदार है।
- काले और सुनहरे बाघ मूल रूप से अस्तित्व में हैं क्योंकि उन दोनों में एक**अप्रभावी जीन** होता है जो इसे दबाने के लिये **एक प्रमुख जीन की अनुपस्थिति के कारण व्यक्त होता है**। जब प्रमुख लक्षणों वाले दो विपरीत लिंग वाले जीव प्रजनन करते हैं,**तो अप्रभावी जीन छिप जाते हैं,** लेकिन जब अप्रभावी जीन वाले प्रजनन करते हैं, तो अप्रभावी जीन व्यक्त हो जाता है और इन **दो बाघ (काले और सुनहरे)** उत्परिवर्ती के मामले में ऐसा ही है।

//




## काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान

- वर्ष 1908 में निर्मित **काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान (KNP)** असम राज्य के **गोलाघाट और नागोअन ज़िले** में **देश के उत्तर पूर्वी हिस्से के किनारे पर स्थित है**। इसे वर्ष 1974 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया था।
    - वर्ष 1985 में इस पार्क को **यूनेस्को** द्वारा **विश्व धरोहर स्थल** घोषित किया गया था और वर्ष **2006 में** इसे **टाइगर रिज़र्व** घोषित किया गया था।
- यह **ब्रह्मपुत्र घाटी** बाढ़ के मैदान में **एकमात्र सबसे बड़ा अविभाजित** और **प्रतिनिधि** क्षेत्र है।
- KNP में मुख्य रूप से चार प्रकार की वनस्पतियाँ पायी जाती हैं, जैसे-**जलोढ़ जलमग्न घास के मैदान, जलोढ़ सवाना वन, उष्णकटिबंधीय नम मिश्रित पर्णपाती वन और उष्णकटिबंधीय अर्ध-सदाबहार वन।**
- यह 2200 से अधिक **भारतीय एक सींग वाले गैंडों का निवास स्थान** है, जो उनकी संपूर्ण विश्व आबादी का लगभग **2/3 हिस्सा** हैं।
- KNP में **बाघ, हाथी, जंगली जल भैंस और भालू** के साथ-साथ **गंगा नदी डॉल्फिन** सहित जलीय प्रजातियों सहित अन्य संकटग्रस्त प्रजातियाँ की महत्त्वपूर्ण आबादी है। प्रवासी पक्षियों के लिये यह एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है।




## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

**[illegible]:**

**प्रश्न. नम्निलखिति युग्मों पर वचिार कीजयि: (2013)**

| **राष्ट्रीय उद्यान** | **-** | **पारक से बहने वाली नदी** |
|---|---|---|
| 1. कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान | - | गंगा |
| 2. काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान | - | मानस |
| 3. साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान | - | कावेरी |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलति है/हैं?**

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर: (d)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित बाघ आरक्षित क्षेत्रों में से "क्रांतिक बाघ आवास (Critical Tiger Habitat)" के अंतर्गत सबसे बड़ा क्षेत्र किसके पास है? (2020)**

(a) कॉर्बेट
(b) रणथंभौर
(c) नागार्जुनसागर-श्रीशैलम
(d) सुंदरबन

**उत्तर: (c)**

---

## ***?????***

**प्रश्न. "विभिन्न प्रतिस्पर्द्धी क्षेत्रों और हितधारकों के बीच नीतिगत विरोधाभासों के परिणामस्वरूप पर्यावरण के अपर्याप्त 'संरक्षण एवं गिरावट की रोकथाम' हुई है।" प्रासंगिक दृष्टांतों के साथ टिप्पणी कीजिये। (2018)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/golden-tiger-in-kaziranga-national-park